**खबर संक्षेप**



### उपराष्ट्रपति ने पारंग शुक्ला को अटल अलंकरण से सम्मानित किया

**सागर**। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधा कृष्णन एवं राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में इंदौर में शून्य से शतक : एक शताब्दी अटल भारत की स्मरणोत्सव में अटल जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर "सदा अटल" महाग्रंथ एवं अटल जी के सुविचारों पर आधारित दिग्दर्शिका का विमोचन किया गया। साथ ही उनके जीवन मूल्यों और विचार धारा को समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली चार विभूतियों का सम्मान भी किया गया। इनमें सागर के पशु सेवक पारंग शुक्ला शामिल है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 24 दिसंबर को

**सागर**। डॉ हरीसिंह गौर के निर्वाण दिवस की पूर्व संध्या के पुनीत अवसर पर उनके पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 148 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर दिनांक 24 दिसम्वर दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, बीएमडी, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन,शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 23 दिसम्वर तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं ।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सागर**। नशा मुक्ति परामर्श एवं उपचार केंद्र संस्था द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुरानी सदर में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नशा न करने का संकल्प लेते हुए प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक डी.एस. यादव ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला तथा सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशा पीड़ितों हेतु उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। संस्था के परियोजना समन्वयक असगर कुरैशी ने नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार जैन ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने का परामर्श दिया। इस अवसर पर के.एस. ने सभी विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### माता वैष्णोदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर**। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी तक प्राप्त किये जावेगें।मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें।

**फूल मालाओं की जगह शिक्षण सामग्री, कंबलों से स्वागत कराया, एकत्रित सामग्री स्कूली बच्चों और गरीबों में बांट दी**

# 8 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का खुरई की विशेष परंपरा से ऐतिहासिक स्वागत होगाः पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के आगामी 8 जनवरी का खुरई दौरा लगभग साढ़े तीन घंटे का होगा जिसमें उनका एतिहासिक स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेलीपेड से नेहरू स्टेडियम स्थित सभास्थल तक रैली के रूप में पहुंचेंगे। यह जानकारी पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डा यादव के खुरई आगमन की तैयारियों हेतु आयोजित बैठकों में दी। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने फूल मालाओं, पुष्प गुच्छों, शाल आदि से स्वागत करवाना बंद करके उसके एवज में बच्चों की शिक्षण सामग्री, गरीबों को कंबल,फल आदि सामग्री से स्वागत कराने की परंपरा की खुरई में आज शुरुआत कर दी जिसके तहत हुए पहले ही आयोजन में स्वागत कर्ताओं की ओर से लगभग 50 हजार की शिक्षण सामग्री, कंबल आदि सामान मंच पर एकत्रित हुआ जिसे उन्होंने स्कूली बच्चों और गरीब महिलाओं के बीच मौके पर ही वितरित कर दिया।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित सांसद खेल महोत्सव के विकासखण्ड खंड स्तरीय समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे, साथ ही उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तथा नगरपालिका सभाकक्ष में पार्षदों की बैठक ली। उनकी ओर से स्वागत परंपरा में उक्त बदलाव की सूचना विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में प्रेषित कर दी गई थी।



मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी बैठक में पूर्व गृहमंत्री सिंह ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम 11 बजे आरंभ हो जाएगा। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव गल्लामंडी के नजदीक स्थित मैदान में बने हेलीपेड पर उतरेंगे जहां से रैली के रूप में नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, महाकाली, झंडा चौक होते हुए सभास्थल पहुंचेंगे। नगर के मुख्य मार्गों पर खुरई की परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री जी का भव्य और एतिहासिक स्वागत किया जाएगा। उन्होंने सभी पार्षदों से अपने वार्डों में कार्यक्रम की सूचना एवं स्वागत के फ्लेक्स , दीवार लेखन आदि के साथ सभी को स्वागत और सूचित करने का काम प्रारंभ करें।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों से बैठक में कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में चल रहे अपने विभाग से संबंधित ऐसे सभी विकास कार्यों की सूची बना कर एसडीएम श्री मनोज चौरसिया के पास प्रस्तुत करें। जो भी कार्य पूर्णता की ओर हैं उन्हें 15 दिवस के भीतर पूर्ण करते हुए लोकार्पण सूची में शामिल करें। साथ ही जो कार्य स्वीकृत हैं उनकी शासकीय प्रक्रिया पूर्ण करते हुए भूमिपूजन हेतु प्रस्तावित करें। उन्होंने कहा कि खुरई विधान सभा क्षेत्र के सभी नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के आगमन का विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आगे से किसी भी सरकारी कार्यक्रम में बाहर से आने वाले मुख्य अतिथियों यथा मुख्यमंत्री के स्वागत कार्यक्रमों में ही फूल मालाओं, पुष्प गुच्छों आदि का उपयोग किया जाए, मेरे स्वागत के लिए फूलमालाओं, पुष्प गुच्छों, पटाखों आदि के स्थान पर चंदन तिलक से ही स्वागत किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे फिजूलखर्ची रुकेगी और स्वागत में खर्च हो रहे धन का सदुपयोग जनकल्याण में किया जा सकेगा।

### पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह को संबोधित किया

बैठकों के पूर्व पं केसी शर्मा स्कूल प्रांगण में आयोजित विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव प्रतिस्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि यदि आप लक्षित, संकल्पित होकर परिश्रम कर रहे हैं तो शिक्षा के अलावा खेलों जैसी विधाओं में भी अपना शानदार कैरियर बना सकते हैं। खुरई विधानसभा क्षेत्र में खेल सुविधाओं के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्य हुआ है जिससे यहां खेल प्रतिभाओं का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर सभी संसदीय क्षेत्रों में आयोजित सांसद खे महोत्सव में खुरई विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अनेक खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा होती है लेकिन उस प्रतिभा को निखारने और बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचाने के लिए अच्छी खेल सुविधाओं, स्टेडियमों की व्यवस्था करने का काम खुरई विधानसभा क्षेत्र में योजनाबद्ध ढंग से संकल्पित होकर किया है। उन्होंने जानकारी दी कि खुरई के आडिटोरियम के निकट 18 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के अनुरूप तरण ताल एवं वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण मार्च तक पूरा हो जाएगा।



## भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह मोकलपुर के निधन पर शोक की लहर, मंत्री राजपूत अंतिम यात्रा में हुए शामिल

**सागर**। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं खनिज बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र सिंह मोकलपुर के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनके निधन को भाजपा संगठन, सामाजिक एवं राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। दिवंगत नेता की अंतिम यात्रा में मध्य प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत विशेष रूप से शामिल हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अंतिम संस्कार स्थल पर स्व. मोकलपुर के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा इस दुख की घड़ी में परिवार को संबल प्रदान किया। मंत्री राजपूत ने कहा कि स्व. राजेंद्र सिंह मोकलपुर का जीवन सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा का प्रतीक रहा है। उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि स्व. मोकलपुर ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव सिद्धांतों और मूल्यों को प्राथमिकता दी। उनका व्यक्तित्व सरल, मिलनसार और कर्मठ था, जिसके कारण वे कार्यकर्ताओं और आमजन में समान रूप से लोकप्रिय रहे। उनके मार्गदर्शन और अनुभव से पार्टी को लंबे समय तक लाभ मिलता रहा। अंतिम यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने नम आंखों से दिवंगत नेता को अंतिम विदाई दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। क्षेत्रवासियों ने स्व. राजेंद्र सिंह मोकलपुर के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।



## महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

**रहली**। सांदीपनि विद्यालय, रहली में राष्ट्रीय गणित दिवस और महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए प्रश्न मंच (क्विज), रंगोली, मापन और उलटी गिनती जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्व-निर्मित शिक्षण सामग्री जैसे—स्थानीय मान, ज्यामिति और 3D आकृतियों के मॉडल प्रदर्शित किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतिः कक्षा 5वीं की छात्राओं ने गणित की थीम पर आधारित सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य दिलीप चौबे ने कहा कि इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों के मन से गणित का भय दूर कर विषय में रुचि जगाना है। शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर ने रामानुजन के संघर्ष और समर्पण की कहानी सुनाकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। रंगोली में ममता व जानू (प्रथम), राशि व अदिति (द्वितीय), अंशिका व डाली (तृतीय)। प्रश्नमंच में अक्षिता खरे, पल्लवी पचौरी और गर्वित शिल्पी विजेता रहे। संकुल प्राचार्य व्ही. के. पचौरी द्वारा गणित शिक्षकों को सम्मानित किया गया और प्राचार्य द्वारा विजयी छात्रों को पुरस्कार दिए गए। शिक्षक नीरज नेमा ने कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

# नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत शहर का निरीक्षण किया

**निगम सफाई मित्र ऐसे प्रयास करें की शहर में दूर दूर तक देखने पर स्वच्छता ही नजर आये : निगमायुक्त खत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर




सागर शहर में गली-मोहल्ले की सड़के, नाले-नालियाँ हों या शहर में पार्क, मैदान और मुख्यमार्ग प्रत्येक सार्वजनिक जगह पर विशेष सफाई अभियान चलाकर संबंधित नगर निगम सफाई मित्र साफ-सफाई सुनिश्चित करें। शहरवासियों को स्वच्छता बनाये रखने हेतु लगातार प्रेरित कर उनके साथ मिलकर ऐसे प्रयास करें की शहर में दूर-दूर तक देखने पर स्वच्छता ही नजर आये। उक्त निर्देश निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सोमवार को सुबह सुबह शहर का निरीक्षण करते हुए दिये। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण में सागर को अब्बल बनाने हेतु विजिबल क्लीनलीनेस घटक को विशेष ध्यान में रखते हुए छोटे छोटे पहलुओं पर मुस्तैदी से कार्य कर शहर को हर प्रकार से स्वच्छ बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कटरा बाजार में जगह-जगह लगे बैनर पोस्टर निकलवाये और अवैध अतिक्रमण कर दुकाने लगाने वाले व्यापारियों की सामग्री जब्त कराई। उन्होंने कहा की कटरा मुख्य बाजार पूरी तरह व्यवस्थित साफ स्वच्छ सुंदर दिखे इसके लिए सभी रहवासियों व्यापारियों का जागरूक होना और सहयोग करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा की कटरा बाजार में सड़कों पर चार पहिया वाहनों की स्थाई पार्किंग न हो, लम्बे समय तक वाहन एक ही स्थान पर खड़ा देखकर सफाईमित्र उक्त वाहन मालिक और ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से वाहन हटवाएँ। लम्बे समय तक वाहन एक ही स्थल पर खड़े रहने पर रोड स्वीपिंग के दौरान उसके नीचे स्वीपिंग नहीं हो पाती और कचरा पड़ा रह जाता है और वाहन हटने पर वह दिखाई देता है। सफाईमित्रों की मेहनत के बाद भी शहर गंदा दिखाई देता है। इसी प्रकार बैनर पोस्टर पर धूल मिट्टी जमी गन्दी दिखती हैं और जगह जगह कटे फ़टे बेनरो सहित दिवार पर चिपके पोस्टर आदि विजिबल स्वच्छता को प्रभावित करते हैं। ऐसे सभी कारणों को चिन्हित कर नोट करें और शीघ्रअतिशीघ्र इन कारणों को समाप्त करें ताकि शहर सब ओर से स्वच्छ सुंदर और आकर्षक दिखे।



## प्रभु यीशु के प्रेम और मानवता का संदेश लेकर निकली भव्य क्रिसमस झांकी, उमड़ा जनसैलाब

**रहली**। क्रिसमस के पावन पर्व के उपलक्ष्य में ईसाई समुदाय द्वारा शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए एक भव्य झांकी और रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जामघट, पटना और रहली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें बड़ी संख्या में मसीही समाज के साथ-साथ नगरवासी भी शामिल हुए। रैली के दौरान फादर सिल्ज़ो और फादर सिन्टो ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए प्रभु यीशु मसीह के आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु का संपूर्ण जीवन प्रेम और करुणा का प्रतीक था। रैली का शुभारंभ जामघाट से हुआ, जिसके बाद यह पटना और रहली नगर के मुख्य चौराहों से होकर निकली। झांकी में प्रभु यीशु के जन्म और उनके संदेशों को सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया था। जगह-जगह नगरवासियों ने रैली का स्वागत किया, जो शहर की गंगा-जमुनी तहजीब की एक सुंदर तस्वीर पेश कर रहा था। फादर सिन्टो, फादर जैक्सन, फादर क्लेट्स। सिस्टर जानसी, सिस्टर पुष्पा, सिस्टर जिस्सा, सिस्टर सुधा, सिस्टर रोजली शामिल रहे। रैली का समापन प्रार्थना और सभी की सुख-समृद्धि की कामना के साथ हुआ।




## आर.डी. अहिरवार राज्य शिक्षक संघ के सागर जिलाध्यक्ष मनोनीत, शिक्षकों में हर्ष की लहर

**रहली**। शिक्षा क्षेत्र में अपनी सक्रिय कार्यप्रणाली के लिए पहचाने जाने वाले रहली बीआरसी आर.डी. अहिरवार को राज्य शिक्षक संघ का सागर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से जिले के शिक्षक समुदाय में उत्साह का माहौल है। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व द्वारा अहिरवार के अनुभवों और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। आशा व्यक्त की गई है कि उनके नेतृत्व में जिले के शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा और संगठन को नई मजबूती मिलेगी। मनोनयन की सूचना मिलते ही रहली सहित जिले भर के शिक्षकों ने उन्हें सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से हार्दिक बधाई दी। सोमवार को बीआरसी कार्यालय में आर डी अहिरवार सर का स्वागत किया गया।इस अवसर पर समस्त जनशिक्षक बीआरसीस्टाफ उपस्थित रहा।

## अहिरवार महासभा की सामाजिक जागरूकता बैठक ग्राम गिदवानी में संपन्न

**सागर**। नरयावली विधानसभा के ग्राम गिदवानी में अहिरवार महासभा की बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता कांशीराम अहिरवार ने की। बैठक के मुख्य अतिथि एडवोकेट धनसिह अहिरवार एवं विशिष्ट अतिथि खाद्य अधिकारी राकेश अहिरवाल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट धनसिह अहिरवार ने कहा कि अहिरवार समाज को नशामुक्त समाज बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। बच्चे अपने बुजुर्गों को देखकर अच्छी और बुरी आदतें सीखते हैं।हम सभी बड़े बुजुर्ग लोग अच्छी आदतें अपनाकर अपने समाज को नई दिशा दे सकते हैं। विशिष्ट अतिथि राकेश अहिरवाल खाद्य अधिकारी दमोह ने कहा कि समाज को रूढ़िवादिता को छोड़कर वैज्ञानिक सोच अपनानी चाहिए जिससे समाज के उत्थान के साथ साथ आर्थिक विकास भी हो सके। डॉक्टर राजकुमार अहिरवार,डॉक्टर ब्रजेश अहिरवार, कालू माते और डीआर रोहित ने भी नशामुक्त समाज, पाखंडवाद मुक्त समाज को स्थापित करने की अपील की।

**राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया**

# संख्या भी भगवान की भाषा है और दुनिया मान गई कि यही गणित की परिभाषा हैः प्रतिभा साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर व्याख्यानमाला, निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. एल.एल. श्रीवास्तव ने कहा कि जीरो तथा वन वाय टू के मध्य ही दुनिया समाहित है। श्रीनिवास रामानुजम जिनके जन्म दिवस पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है उन्होंने 32 वर्ष की अल्पायु में मृत्यु के पूर्व 3884 प्रमेयों की रचना की जिन्हें बाद में अधिकांश को सिद्ध भी किया गया। विशिष्ट वक्ता डॉ रामकुमार तिवारी ने वैदिक गणित का महत्व बताते हुये गणित की साधना को ईश्वर की साधना के बराबर बताया। डॉ अमर कुमार जैन ने संचालन करते हुये कहा कि विश्व के तत्कालीन कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हार्डी ने कहा था कि मैं विश्व में किसी भी गणतज्ञ को 100 में से 60 अंक नहीं दूंगा लेकिन श्रीनिवास रामानुजम की प्रतिभा को 100 में से 100 अंक दूंगा। आपने बचपन में




कक्षा का उदाहरण देते हुये बताया कि जब उनके शिक्षक ने पढ़ाते हुये कहा कि गणित में किसी भी संख्या का उसी संख्या से भाग देने पर उत्तर एक आता है तब रामानुजम ने अपने शिक्षक से कहा कि क्या जीरो का जीरो से भाग देने पर भी क्या संख्या एक आयेगी तब शिक्षक निरूत्तर हो गये। गणित विभाग की छात्रा निदा खान ने जब संस्कृत श्लोक यदा शिखा मयूराणां का उच्चारण कर उसका अर्थ बताया तब सभागार में तालियाँ गूँजने लगी। उसने श्लोक अर्थ बताते हुये कहा कि जैसे मोर सिर पर कलगी होती है, जैसे साप के सिर पर रत्न होता है, वैसे ही ज्ञान विज्ञानों के शीर्ष पर विद्यमान होता है। गणित विभाग की छात्रा विशाखा केशरवानी ने कहा कि पूरे ब्रम्हांण में जो कुछ भी है वह सब कुछ गणित पर ही आधारित है। गणित है तो विज्ञान के सारे विषय हैं। प्रतिभा साहू ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजम ने न ही प्रयोगशाला में जाकर प्रयोग किये और न ही किसी टूल्स का सहारा लिया। लेकिन अपने दिमाग की दूनिया से पूरे संसार को हिला दिया और कहा कि संख्या भी भगवान की भाषा है और दूनिया मान गई कि यही गणित की परिभाषा है। पूजा राय ने दूसरे विषयों से गणित की तुलना करते हुये बताया कि गणित के बिना सारे विषय अपने आप को अधूरा पायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये डॉ रंजना मिश्रा ने उपस्थित सभी वक्ताओं का समाहार व्यक्त किया तथा श्रीनिवास रामानुजम ने व्यक्तित्व से जीवन सफल बनाने के प्रेरक सूत्र दिये। उद्घाटन सत्र के पश्चात 80 विद्यार्थियों ने वैदिक का वैशिष्ट विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा 100 विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ गोपा जैन, डॉ सगीता मुखर्जी, डॉ अवधेश प्रताप सिंह, डॉ प्रकाश कुशवाहा, डॉ अनुरूध चढार, डॉ रेणू सोलंकी, अनुश्री राजे, डॉ संजय राय, देव कृष्ण नामदेव, डॉ रामकुमार तिवारी, भानूप्रिया पटैल, सुनील प्रजापति, तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ अमर कुमार जैन तथा आभार संयोजक संतोष कुमार सेन ने माना। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार सहित 300 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रंजिश में महिला को पीटा, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** पुरानी रंजिश के चलते महिला को गालियां देकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला विष्णुपुरा में रहने वाली रामरती पत्नी हरगोविन्द ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ौस के गौरीशंकर, प्रमोद उर्फ भूरा, गजेन्द्र पुत्र छक्कीलाल के साथ महरौनी के इन्द्रा चौराहा निवासी अन्य व्यक्ति कमलेश ने पुरानी रंजिश के चलते बीते शनिवार को उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट की, जिससे वह घायल हो गयी। पीड़िता का आरोप है कि उक्त व्यक्ति आपराधिक किस्म का है और आये दिन उसे डराता-धमकाता रहता है, जिससे उसका अब घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इस हमले में उसे बचाने आयी पुत्री के साथ भी मारपीट करते हुये उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### भवन निर्माण में नईं दीवारें तोड़ने का आरोप

**ललितपुर।** अपनी जमीन पर भवन निर्माण के दौरान पड़ौसियों पर दीवाल तोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है। सौजना थानाक्षेत्र के ग्राम जगारा निवासी धनीराम पुत्र झुतरे यादव ने पुलिस को अवगत कराया कि वह अपनी जमीन पर मकान का नया निर्माण कर रहा है। जिसके नींव-पिलर के बाद उसने अपनी दीवाल बनवायी थी। उक्त दीवाल को गांव के वीरसिहं यादव पुत्र सीताराम, नरेन्द्र यादव पुत्र वृंदावन, शिमला पत्नी जगदीश यादव, गुडडी यादव पत्नी जगतराम यादव ने एकराय होकर तोड़ दिया। शनिवार को 11.30 बजे दीवालों को तोड़ रहे लोगों को जब उसने मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग गये। इसके अलावा यह भी आरोप है कि भवन निर्माण का कार्य कर रहे कारीगर व लेवर को भी उक्त लोगों ने ललकारा है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अकेली महिला को घर में घुसकर पकड़ा

**ललितपुर।** शादी समारोह में शामिल होने गये युवक की घर में अकेली पत्नी को पाकर पड़ौस में रहने वाले युवक ने जबरन घर में घुसकर अश्लीलता की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना पूराकलां क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को अवगत कराया कि बीती 4 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे वह ग्राम भुचेरा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। जबकि उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। तभी पड़ौस में रहने वाले ब्रगभान पुत्र अच्छे कुशवाहा ने जबरन घर में घुसकर उसकी पत्नी से अश्लीलता करते हुये बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया। जब उसकी पत्नी चिल्लायी तो उसकी आवाज सुनकर शादी समारोह से लौटते समय गली में पहुंचते ही पीड़ित ने सुनी और घर में पहुंच कर ब्रगभान को ललकारा। आरोप है कि ब्रगभान उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### आंगनबाड़ी भवनों की पुताई के लिए राशि जारी

**विदिशा।** आंगनबाड़ी केंद्रों की रंगाई-पुताई एवं रख-रखाव हेतु राशि जारी की गई है। इसके अंतर्गत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को 3 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि 776 आंगनबाड़ी भवनों में कार्य कराया जाएगा। राशि उन भवनों के लिए है जिनका निर्माण तीन वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है।

### सर्वाधिक ऑपरेशन पर डॉ. साहू सम्मानित

**विदिशा।** जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग द्वारा कोरोना काल 2021-22 में 297 सफल ऑपरेशन करने पर एनएचएम से सम्मान मिला है। वर्ष 2022-23 में 476 निःशुल्क ऑपरेशन पर कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र दिया है। इन प्रयासों से डॉ. राकेश साहू को भोपाल संभाग में द्वितीय सर्वाधिक ऑपरेशन का सम्मान मिला।

उप्र उद्योग व्यापार मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न

# अपने प्रतिष्ठान पर स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देंगे व्यापारी: मयूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

उप्र उद्योग व्यापार मंडल कार्य समिति की बैठक स्थानीय होटल में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें संगठन को मजबूत व सक्रिय करने तथा समस्याओं पर विचार विमर्श किया। बैठक में नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष सोनाली जैन के साथ स्वकर समाधान में योगदान देने पर मुन्नालाल, पार्षद आलोक मयूर, शैलेन्द्र जैन एड. को भी शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में मड़ावरा, महरौनी, बानपुर, गुढ़ा, नारहट, आदि क्षेत्रों से आए हुए पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखते हुए समाधान कराए जाने की मांग की तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाए करने का संकल्प लिया। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर की जनता ने जिस तरह मुझे अपना आशीर्वाद दिया है उसमें व्यापारी समाज का बहुत बड़ा योगदान है। वह सदैव व्यापारी समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेंगी। नेताओं ने व्यापारी समाज का आवाहन करते हुए कहा कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठान पर स्वदेशी वस्तुएं ही बेचेंगे। वक्ताओं ने कहा कि जो विदेशी ताकतें अपने देश की वस्तुओं के बल पर हमारे देश को आंखें दिखाने का काम करते हैं अथवा ब्लैकमेल करते हैं। उस देश की वस्तुओं को न बेचकर स्वदेशी को बढ़ावा देंगे।

### व्यापार मंडल ही समस्या के समाधान के लिए सशक्त माध्यम

व्यापारी नेताओं ने कहा कि व्यापारियों के लिए व्यापार मंडल ही उनकी समस्या के समाधान के लिए एक सशक्त माध्यम है। जिसके द्वारा वह अपनी समस्या का समाधान शासन ,प्रशासन से करते हैं। उन्होंने कहा कि जो संगठन संख्या के आधार पर बड़ा होगा और उसमें संघर्ष करने की क्षमता अधिक होगी। प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा संपत्ति कर/स्वकर के संबंध में गजट नोटिफिकेशन करा लिया है। व्यापारी अथवा इंटर तक के विद्यालय, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए सभी डॉक्टर क्लीनिक वर्ष 2025- 26 का अथवा उसके बाद का टैक्स एक एवं दो, तीन गुना के आधार पर ही जमा करें। 5 गुणा का स्लैब समाप्त हो गया है। इसको जमा करने में किसी को कोई समस्या हो तो अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अथवा व्यापार मंडल से संपर्क करें। बैठक में महेंद्र मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, महेश जैन, पंकज बिरधा, नवीन सिंघई, अशोक जैन, लखन अग्रवाल, अनिल अंचल, संजीव जैन, मुकेश जैन, नीतीश जैन, सतीश जैन, राजीव सुडेले, युवा नगर अध्यक्ष मज्जू सोनी, राहुल मोदी, लायन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ, अभय जैन एड., सुरेंद्र, सुनील, प्रदीप, अरविंद जैन, सत्येंद्र जैन एड., रामप्रकाश साहू, अरविंद, वीरेंद्र जैन, आनंद जैन, गजेंद्र जैन, सुमत जैन, रिक्की, बृजेश रावत, विजय, प्रसन्न, शोभित समैया, सनत जैन, पवन जैन, बृजेंद्र साहू, श्रेयांश जैन, रिंकू सतभैया, सुनील जैन, अंकित सतभैया के अलावा अनेक व्यापारी नेता मौजूद रहे।

ठंड ने बढ़ाई परेशानी

## कोहरे के कारण घंटों देरी से चल रही ट्रेनें

**ललितपुर।** घने कोहरे के कारण रविवार को कई ट्रेनें घंटों देरी से ललितपुर स्टेशन पहुंची। वहीं ललितपुर में दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा, जिससे रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। अप रूट की लगभग 10 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही थीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली से खजुराहो जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे की देरी से चल रही है। यह ट्रेन सुबह 11:35 बजे के बजाय दोपहर 3:03 बजे ललितपुर स्टेशन पहुंचने की संभावना है। इसी तरह, शताब्दी सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी एक घंटे देरी से चल रही है, जिसका ललितपुर पहुंचने का अनुमानित समय सुबह 11:42 बजे की जगह दोपहर 12.43 बजे है। सबसे अधिक देरी से चलने वाली ट्रेनों में प्रयागराज से अंबेडकर की ओर जाने वाली अंबेडकर एक्सप्रेस शामिल है। यह ट्रेन शनिवार रात 11:40 बजे के निर्धारित समय से लगभग 12 घंटे की देरी से रविवार सुबह 11:45 बजे ललितपुर पहुंचने की उम्मीद है। दिल्ली से खजुराहो जाने वाली गीता जयंती एक्सप्रेस भी सुबह 4 बजे के बजाय 7 घंटे की देरी से सुबह 10:30 बजे ललितपुर स्टेशन पहुंची। अन्य प्रभावित ट्रेनों में पुष्पक एक्सप्रेस (दो घंटे देरी), जम्मू से इंदौर जाने वाली मालवा सुपरफास्ट (6 घंटे देरी से सुबह 10:15 बजे पहुंची), दक्षिण एक्सप्रेस (साढ़े चार घंटे देरी से 10:45 बजे पहुंची) और पठानकोट एक्सप्रेस (5 घंटे देरी) शामिल हैं। झांसी-ललितपुर मेमो ट्रेन भी दो घंटे देरी से पहुंची। ट्रेनों के लगातार लेट होने से यात्रियों को स्टेशनों पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा, जिससे उनकी यात्रा योजनाओं में बाधा आई।

### कोचिंग गईं नाबालिग लड़कियां लापता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को अवगत कराया कि उसकी चौदह वर्षीय पुत्री गोविन्द सागर बांध के पास स्थित केजे कोचिंग क्लासेस में पढने के लिए गयी थी। शनिवार शाम 5 बजे कोचिंग जाने के बाद वह नहीं लौटी। पीड़िता ने कोचिंग जाकर पता चला तो उसकी पुत्री कोचिंग करके घर जा चुकी थी, उसके बाद भी पता नहीं चला। परिजनों, रिश्तेदारों व पुत्री की सहेलियों से भी जानकारी की तो पता नहीं चला। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं महरौनी के मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि उसकी 15 वर्ष की नाबालिग पुत्री ट्यूशन पढने सहेलियों के साथ घर से निकली थी, उसके बाद से पुत्री का पता नहीं चला। पुलिस ने सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई कार्रवाई

## प्रोजेक्ट नई किरण ने परिवार का कराया पुनर्मिलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 1 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 1 परिवार खुशी-खुशी साथ-साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 5 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, सुधा कुशवाहा, डॉ.दीपक चौबे, सुभाष जैन, डॉ एस पी पाठक, डॉ जनक किशोरी शर्मा, अरमान अजीज कुरैशी, नई किरण में महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला आरक्षी सिमरन व महिला आरक्षी माधवी शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

विद्युत चेकिंग अभियान में गई थी विभागीय टीम

## विद्युत चेकिंग करने गई टीम पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

विद्युत चेकिंग अभियान में गयी विभागीय टीम पर जानलेवा हमला किया गया। गाली-गलौज, मारपीट और पथराव किया गया। अवर अभियंता के खिलाफ दर्ज करायी गयी शिकायत में पुलिस ने कई लोगों को नामजद किया है। 66/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र तालबेहट में तैनात अवर अभियंता इंजी.किशन कुमार शुक्ला ने क्षेत्राधिकारी तालबेहट को तहरीर दी है। बताया कि वह शासन के आदेश व उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में बीती 12 दिसम्बर को संविदा कर्मी पंकज यादव, शंकर सिंह, सुनील कुशवाहा, अनिल कुमार, विनोद प्रजापति के साथ ग्राम रामपुर के मजरा बड़ाहार में विद्युत चेकिंग अभियान के लिए गया हुआ था। चेकिंग के दौरान गांव के विभिन्न लोगों में शिशुपाल यादव पुत्र अनेक यादव, नीरज यादव पुत्र फूलसिंह, फूलसिंह पुत्र शिवराम यादव, भरत यादव पुत्र तोरन सिंह, रामरतन पुत्र शिवराम, बृजेन्द्र पुत्र सेनपाल, रामराजा पुत्र बृजपाल ठाकुर के द्वारा चेकिंग करने से मना किया गया एवं हमारी टीम पर पथराव किया और जान से मारने की धमकी दी गयी। अवर अभियंता ने बताया कि वह किसी प्रकार जान बचाकर वहां से भाग निकले, जिससे सरकारी कार्य में भी बाधा पहुंची। तालबेहट पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जमीनी विवाद में मारपीट करने का आरोप

तालबेहट कोतवाली अंतर्गत ग्राम वर्मा निवासी पुष्पा पत्नी राजकुमार अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शनिवार को अपराह्न 12.30 बजे वह अपनी दुकान पर थी। तभी जमीनी विवाद को लेकर ग्राम झरर निवासी सन्तोष अहिरवार पुत्र बारेलाल, अजय अहिरवार व सुखदेव अहिरवार पुत्रगण संतोष व सुनौरी के मजरा खेरो निवासी संतोष का साला ने उसे व उसकी पति राजकुमार, सास सरोज पत्नी लखन व ससुर लखन अरिहवार के साथ लाठियों से मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोगों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पूर्व से ही खाने को लेकर छात्र आक्रोश में

## मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के छात्रों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

ग्राम अमरपुर स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रों ने रात में हंगामा किया। किसी बात को लेकर हुए इस प्रदर्शन के बाद मेडिकल प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों को शांत कराया। बताया जा रहा है कि सीनियर छात्र कैंटीन में कैंटीन में खाने को लेकर शिकायत करते आ रहे हैं और जब वह ऑनलाइन खाना मांगते हैं तो गेट पर खाना लेकर आने वाले को गेट पर ही रोक दिया जाता है इसी बात को लेकर मेडिकल छात्रों में पहले से ही आक्रोश पनप रहा था खानेके अलावा भी कुछ अन्य मुद्दों को लेकर नहीं भी आक्रोशित थे। शुरुआत में कॉलेज के केयर टेकर और अन्य स्टाफ ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र नहीं माने। तब आलाधिकारियों ने छात्रों से बात की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद फिलहाल छात्र शांत हुए है जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों पहले सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों के साथ अभद्रता की थी। इस मामले में जूनियर छात्रों की शिकायत पर मेडिकल प्रशासन ने 20 छात्रों और 12 छात्राओं सहित कुल 32 सीनियर छात्रों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की थी। कॉलेज में कुछ समय से जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक शुक्ला ने बताया कि यह एक विभागीय मामला है। उन्होंने पुष्टि की कि हंगामा कर रहे छात्रों को समझा दिया गया था।

## आशा कार्यकत्रियों का 13 मांगों को लेकर आंदोलन, ज्ञापन दिया



**ललितपुर ।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने 13 सूत्री मांगों को लेकर जिला का जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा जिसमें उन्होंने मांग की की की संगठन 13 दिसंबर से संपूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रत्येक जिले और तहसील स्तर पर आशा कार्यकत्रिय अनशन पर चलकर अपने कार्य से विमुख है जिससे आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले किए जाने वाला कार्य पूर्णतया बंद है ऐसी स्थिति में उनकी 13 मांगे पूर्ण करने का निवेदन किया है अन्यथा की स्थिति में विधानसभा घेराव के लिए भी संगठन ने सरकार को सूचित किया आशा कार्यकत्रियों कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष आशा यादव के साथ आशा चौबे सरोज राजपूत सुषमा राजा नीतू रानी सविता नीलम अनीता राजकुमारी नीलम तबस्सुम राजकुमारी सरिता रेखा आरती ज्योति भानुमति भानुमति नीतू संगिनी माखन देवी माखन देवी राजा बेटी शिरोमणि द्रोपती ललिता रानी के साथ कम्पनी बाग से पदयात्रा करती हुई पर पहुंची।

दो मोटरसाइकिल भिड़ंत का मामला

## कोर्ट के हस्तक्षेप करने पर सड़क दुर्घटना का मामला किया दर्ज

### गर्भवती महिला को चोटें आईं थी, उसके पिता का हाथ टूट गया था

**ललितपुर।** थाना तालबेहट के ग्राम तेरई निवासी मनोज पुत्र कैलाश ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि बीती 23 अगस्त को शाम करीब 5 बजे उसके पिता कैलाश पुत्र घंसू, सेरवास निवासी साधना पत्नी रामसेवक को तेरई फाटक से इलाज कराके उसके घर छोडने जा रहे थे। भतीजे की मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.के.1337 से जा रहे थे, तभी शहजाद रोड बाबरी मंदिर पुलिया के पास सामने आ रही बुलट मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.जे. 3171 के चालक थाना बार के ग्राम बरौदा डांग निवासी करन पुत्र रमेश ने तेजी व लापरवाही से पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। तभी पीछे चल रहे बाइक सवार एम.पी.15 एम.एल. 7421 से संतोष पुत्र आशाराम व बालकिशन पुत्र श्यामलाल ने उन्हें उठाया और साधना जो कि पांच माह की गर्भवती हैं को चोटें आयीं। वहीं उसके पिता का हाथ टूट गया। एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज में व्यस्त होने के चलते वह तत्समय शिकायत दर्ज नहीं करा सका। 8 सितम्बर 2025 को थाना तालबेहट में शिकायत की गयी, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया। 11 सितम्बर को घटना की जानकारी एसपी को दी गयी, कार्यवाही नहीं हुयी तो पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। पुलिस ने अब न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज की।

## राशन कार्ड से संबंधित समस्याएं का समाधान वेबसाइट से होगा

**ललितपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ के पत्र का हवाला देते हुये बताया कि जिले के सभी राशन कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि खाद्य तथा रसद विभाग की विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेने पर आम जनमानस हेतु राशनकार्ड से सम्बन्धित विभिन्न सेवाएं यथा राशनकार्ड विभाजन हेतु आवेदन, यूनिट स्थानान्तरण हेतु आवेदन, राशनकार्ड स्थानान्तरण हेतु आवेदन, राशनकार्ड समर्पण हेतु आवेदन, यूनिट निरस्तीकरण हेतु आवेदन तथा मृत्यु की दशा में राशनकार्ड की मुखिया परिवर्तन हेतु आवेदन उपलब्ध करायी गयी है, जिनके माध्यम से आवेदक अपने राशनकार्ड से सम्बन्धित इन सेवाओं हेतु अपने राशनकार्ड नम्बर तथा राशनकार्ड से लिंक्ड मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉगिन कर आधार आधारित ओ.टी.पी. वेरिफिकेशन के पश्चात आवेदन कर सकेंगे।

इन सुविधाओं हेतु अब राशनकार्ड धारकों को अनावश्यक आपूर्ति कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आवेदक उपरोक्त सुविधाओं हेतु स्वयं आवेदन कर सकेंगे तथा इनके आवेदन सक्षम प्राधिकारियों के लॉगिन पर स्वयं प्रदर्शित हो जाएंगे तथा सक्षम प्राधिकारियों द्वारा नियमानुसार प्राप्त आवेदनों को 15 दिन के भीतर निस्तारित किया जाएगा।

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गोशाला का निरीक्षण किया

## एसडीएम व सीवीओ को दिए निर्देश, गोवंशों का रखें ख्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने तहसील महरौनी में बानपुर रोड स्थित गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण कर गोशाला के संचालन, प्रबंधन व गोवंशों के रखरखाव का भौतिक सत्यापन किया, जिसमें गोशाला में भोजन, पानी, प्रकाश, सफाई सहित गोवंशों के रखरखाव की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पायी गईं। अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पर गौवंश की देखरेख हेतु 01 सुपरवाईजर, 01 पैरावेट एवं 05 कर्मचारी नियुक्त है, साथ ही गोवंशों हेतु संचालित गोभोग वाहन द्वारा घर-घर जाकर निःशुल्क रोटियां ली जा रही हैं। गोशाला में कुल 332 पशु संरक्षित हैं, सभी की टैगिंग व टीकाकरण कराया गया है तथा 190 का बधियाकरण कराया गया है। इस दौरान एक भी पशु मृत नहीं पाया गया। गोशाला में 135 कु. भूसा व 38 कु. चोकर उपलब्ध है। गोवंश को शर्दी से बचाने के लिए शेड के चारो तरफ तरपाल लगाई गई है और 04 स्थलों पर अलाव भी जलाये जा रहे हैं। निरीक्षण में प्रकाश, पेयजल और सफाई व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गई। डीएम ने निर्देश दिये कि शीतलहर की स्थिति में सभी गोशालाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए, स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाए। बीमार गौवंशों को अन्य गोवंशों से अलग रखकर उपचारित किया जाए और ठण्ड से बचाव हेतु पर्याप्त तरपाल एवं अलाव की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि गोशाओं का समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि गोवंश को किसी प्रकार की हानि न होने पाए। इस दौरान एसडीएम महरौनी रजनीश कुमार, ईओ महरौनी साक्षी साहू व अन्य मौजूद रहे।

## सात साल पुराने हेमराज हत्याकांड में शेष बचे दोषियों को कोर्ट ने सुनाई सजा

# हत्या के मामले में 3 महिलाओं समेत छह दोषियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के विशेष न्यायालय ने हत्या के एक मामले में दोषी साबित हुए छह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। साथही दस दस हजार रूपए का अर्थदंड भी रोपित किया गया है। खास बात यह है कि सात साल पुराने हेमराज हत्याकांड मामले में शेष बचे जिन छह आरोपियों को यह सजा सुनाई गई है,उसमें तीन महिलाएं भी शामिल है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव के द्वारा की गई है। न्यायालय के इस फैसले से जहां पीड़ति परिवार के लोगों में न्याय दिलाने की उम्मीद जगी है वहीं समाज में यह संदेश देने का काम भी किया है कि अपराधी कोई भी हो,वह दोषी होने पर दंडित होने से बच नहीं सकता।

विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि यह मामला मार्च 2018 में तब घटित हुआ,जब होली के दिन नामजद आरोपियों ने घर में घुसकर दलित परिवार के लोगों पर लाठी, तलवार,गडासो से हमला कर दिया। इस दौरान महिला और बच्चे समेत चार पांच लोग गंभीर घायल हो गए। गंभीर घायल हुए हेमराज की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना उपरांत 15 आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया।




### 15 में से छह को पहले सुना दी सजा,एक की हो गई मौत

विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि इस मामले में 15 आरोपियों को नामजद किए जाने के बाद छह आरोपियों को फरार घोषित कर दिया और फिर 9 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया गया। 9 आरोपियों में से एक आरोपी रघु उर्फ रघुवीर मीणा की मामले के विचारण के दौरान मृत्यु हो गई। इसके बाद 30 दिसंबर 2021 को इस मामले में विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए छह आरोपियों को भूप सिंह बाथम, भूरिया बाथम, सीताराम, महेश, छप्पन, बजरंगा भोई को दोषी मानकर आजीवन कारावास और 10-10 हजार के अर्थदंड की सजा से दंडित कर दिया। वहीं दो आरोपियों राजू उर्फ राजेन्द्र मीणा और मोहन उर्फ दिनेश को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।

### इन दोषियों को सुनाई सजा

विशेष न्यायालय श्योपुर ने हेमराज हत्याकांड में सोमवार को इस मामले में शेष बचे छह आरोपियों महावीर पुत्र मांगीलाल मीणा निवासी नागदा, छोटी बाई पत्नी सीताराम निवासी फक्कड़ चौराहा श्योपुर, कमलेश बाई पत्नी छप्पन निवासी फक्कड चौराहा श्योपुर, जसोदा पत्नी बजरंगा निवासी फक्कड चौराहा, भीम पुत्र मांगीलाल मीणा निवासी नागदा, जगदीश पुत्र राधेश्याम मीणा निवासी नागदा को हत्या के मामले में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास तथा दस दस हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुना दी।

### सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर हुआ था विवाद

शहर के फक्कड चौराहा क्षेत्र में मौजूद सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर यह विवाद हुआ है। बताया जा रहा है कि उक्त सरकारी जमीन पर जहां फरियादी पक्ष के लोगो ने अपने स्तर से कब्जा करने के लिए प्रयासरत थे,वहीं उसी जमीन पर आरोपी पक्ष के लोग भी अपने दबदबे के बूते कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इसी बात को लेकर दोनो पक्षो के बीच विवाद हो गया।

### हाईकोर्ट में भी विचारधीन है मामला

बता दे कि श्योपुर के विशेष न्यायालय द्वारा 30 दिसंबर 2021 को इस मामले में जो फैसला सुनाया गया था,उस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट ग्वालियर में अपील दायर की गई है। बताया जा रहा है कि फरियादी पक्ष के द्वारा उन दो लोगों के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गई है,जिन्हें श्योपुर न्यायालय के द्वारा संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त करार दे दिया था। जबकि आरोपी पक्ष की ओर से जिन छह लोगो को सजा सुनाई गई है,उस सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गई है। इसलिए इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में भी सुनवाई चल रही है।

## विधवा महिला ने मंत्री और विधायक के साथ कलेक्टर को सुनाई अपनी व्यथा

# साहब! सरपंच के भाई और पिता ने हमारी जमीन पर कर रखा है जबरन कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



साहब! सरपंच का भाई और पिता ने अपनी दबंगई दिखाते हुए हमे अपनी जोतने नहीं दे रहा है, मै और मेरे बच्चे जब जमीन जोतने के लिए जाते है, तो वह हमे हथियारों से मारने की धौंस देते है। जिसकारण पूरे परिवार के लोग डरे हुए है। कैसे भी करके हमे हमारी जमीन वापस दिलवाई जाए। यह व्यथा ग्राम मोरेका निवासी आदिवासी विधवा महिला ने सोमवार को मंत्री दर्जा तुरसन पाल बरैया और विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को बताई।

वीरपुर तहसील के ग्राम मोरेका निवासी विधवा आदिवासी महिला रामदासी वेवा रामबाबू आदिवासी ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया है कि ग्राम पुरा में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 771-3, 925-6 कुल रकबा 3.1350 हेक्टेयर भूमि मेरे और परिवार के लोगों के नाम से राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। हमारी इस भूमि पर सरपंच के भाई रेशम मोगिया और पिता बाबू मोगिया निवासी डोकरी के द्वारा पिछले करीब तीन महीने से जबरन अवैध कब्जा कर रखा है और उस भूमि पर फसल कर रखी है। वह हमे जमीन जोतने नहीं दे रहे है। जमीन जोतने जाते है तो यह लोग हमारी मारपीट करते है और हमे हथियारो से मारने की धौंस भी देते है। कलेक्टर ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## एबीवीपी ने शिक्षा में भ्रष्टाचार रोकने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

# दो घंटे तक चला धरना,जमकर हुआ हंगामा, बाद में सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर कार्यालय परिसर में सोमवार को उस समय खूब हंगामा हुआ जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े विद्यार्थी शिक्षा में भ्रष्टाचार को रोकने को लेकर एक ज्ञापन कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम देने के लिए पहुंचे लेकिन हंगामा तब हो गया जब एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन लेने आए डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को ज्ञापन देने से इनकार कर दिया।

कार्यकर्ताओं का कहना था कि उनकी मांग कलेक्टर स्तर की है वह कलेक्टर से मिलकर अपनी मांग उन्हें बताना चाहते हैं इसलिए कलेक्टर खुद ज्ञापन लेने आए बाद में डिप्टी कलेक्टर के चले जाने के बाद एसडीएम गगन मीणा छात्रों को समझाने पहुंचे और ज्ञापन उन्हें देने का अनुरोध किया, लेकिन एबीवीपी कार्यकर्ता कलेक्टर को बुलाने पर आ गए एसडीएम भी बिना ज्ञापन लिए लौट गए 2 घंटे तक कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर गेट पर हंगामा नारेबाजी होती रही बाद में डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने छात्र छात्राओं को समझाया कि वह इस तरह हंगामा न करें उनका ज्ञापन कलेक्टर तक पहुंच जाएगा और ज्ञापन पर गंभीरता से विचार भी होगा और अगर कलेक्टर से मिलना है तो प्रतिनिधिमंडल के रूप में चार पांच लोग चेंबर में जाकर मिल सकते हैं इस समझाइश के बाद एबीवीपी ज्ञापन उन्हें देने पर हुई। बाद में एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से चर्चा कर उक्त मांगों के संबंध में कार्रवाई की मांग की।



### ये मांगें शामिल रही ज्ञापन में

श्योपुर जिले में संचालित डी.एड बी.ड. पूर्णतः अवैध है जिनके पास न कोई भवन है ना ही कोई फेकल्टी है। यह कॉलेज सिर्फ डीग्री बेचने का कार्य कर रहे है। श्योपुर जिले में चल रहे ट्राईवल एवं एजुकेशन के बालक / बालिका छात्रावास जिनके अधिक्षक काफी लम्बे समय से पदस्थ है। इन अधिक्षकों की मनमानी आये दिन देखने को मिलती है। वहीं शा.महाविद्यालय बडौदा में अभी तक दो कमरो संचालित किया जा रहा है। एवं वहा विधार्थीयों को किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं मील पा रही है। जिले भर में अटेच मेन्ट का विषय वडा ही गम्भीर है। शिक्षा विभाग से शिक्षक गैर शिक्षण कार्य में अटेच है। जिसके चलते जिले भर के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। साथ ही देखा जाता है कि शिक्षक वर्षों से अपनी मूल संस्थापर कभी भी टाईम पर उपस्थित नहीं होते है। ज्ञापन में पाचं दिवस के भीतर सभी शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त कर उन्हें अपनी मूल संस्था पर पहुंचाए जाए।

# श्योपुर व विजयपुर में बनेंगे 78-78 लाख से आजीविका भवन




श्योपुर। एनआरएलएम अंतर्गत श्योपुर एवं विजयपुर में 78-78 लाख रूपये की लागत से आजीविका भवन बनेंगे, जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित समय सीमा की बैठक में इन भवनों के लिए भूमि का आवंटन के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा आजीविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु दीदी कैफे खोले जाने के निर्देश डीपीएम डॉ एसके मुद्गल को दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि एनआरएलएम अंतर्गत श्योपुर एवं विजयपुर में 78-78 लाख रूपये की लागत से बनने वाले आजीविका भवनों के लिए भूमि का आवंटन किया जायें। उन्होंने कहा कि आजीविका भवन में रोजगारमूलक गतिविधियों, प्रशिक्षण के साथ ही दीदी कैफे का संचालन भी किया जायेगा, जिसें स्वसहायता समूह की महिलाएं संचालित करेंगी। इसके साथ ही उन्होंने श्योपुर में उद्यानिकी विभाग अंतर्गत बनने वाली नर्सरी के लिए भी उपयुक्त स्थान पर भूमि आवंटित की जायें। बैठक में एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# ढोढर में मां के साथ मिलकर प्रेमी ने कर दी प्रेमिका की हत्या

**अपराध को छिपाने प्रेमिका शव का करने लग गए अंतिम संस्कार, पुलिस ने चिता से उठाया शव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढोढर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक महिला की बेरहमी से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला की हत्या उसके प्रेमी और उसकी मां के लोहे के सरिए से मारपीट करके की गई है। खास बात यह है कि प्रेमी और उसके परिवार के लोग हत्या के अपराध को छिपाने के लिए प्रेमिका के शव को अंतिम संस्कार करने के लिए मुक्तिधाम भी ले गए,लेकिन समय रहते इसकी खबर ढोढर थाना पुलिस को मिल गई। जिसके बाद पुलिस ने मुक्तिधाम पहुंचकर शव को चिता से उठाकर उसका पीएम करवाया। पीएम के दौरान हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद ढोढर थाना पुलिस ने प्रेमी और उसकी मां के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि ढोढर मंडी वाला सहराना स्थित सनी जाटव ने पत्नी बनाकर घर में रख रखी अपनी प्रेमिका मीना बाई की बीती शाम को अपनी मां कमलाबाई के साथ मिलकर हत्या कर दी। घरेलू में रोजाना होने वाले विवादो से तंग आकर सनी जाटव ने अपनी मां के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया। शोर्ट पीएम रिपोर्ट के दौरान हत्या की पुष्टि होने के बाद सनी और उसकी मां के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### जयपुर से मीना को प्रेमजाल में फंसाकर लाया था सनी

पुलिस ने बताया कि मृतका मीनाबाई मूल रूप से जयपुर की रहने वाली थी। पति छोडने के बाद मीना को सनी ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसे पत्नी बनाकर अपने घर ढोढर ले आया। लेकिन कुछ समय बाद ही घर में लडाई झगडे होना शुरू हो गए। इन घरेलू विवाद को लेकर सनी और उसकी मां ने मिलकर मीन बाई की हत्या कर दी।

# हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला, शस्त्र लाइसेंस हुआ निरस्त

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर हर्ष फायरिंग करते हुए वीडियो अपलोड करने पर संबंधित राजेश योगी निवासी चकआसन का शस्त्र लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गई है तथा पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया है कि उक्त शस्त्र लाईसेंस पर धारित शस्त्र 315 बोर रायफल को संबंधित थाने में जमा कराकर तीन दिवस में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायें। उक्त मामले में प्रभुलाल जाटव श्योपुर द्वारा शिकायत की गई थी कि राजेश योगी द्वारा शस्त्र का दुरूपयोग करते हुए लोकशांति को भंग करने और आमजन में दहशत फेलाने के लिए किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर शस्त्र का प्रदर्शन कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हर्ष फायरिंग करते हुए वीडियों अपलोड किया गया है। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उक्त शस्त्र लाईसेंस को लोक शांति विक्षुब्ध होने की आंशका के चलते आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 के तहत तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर संगोष्ठी व प्रतियोगिता का आयोजन



श्योपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय श्योपुर मे राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती के पूजन अर्चन उपरांत आधुनिक युग में भारतीय ज्ञान का अवदान विषय में संगोष्ठी हुई जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा ने आधुनिक विज्ञान को आधार दिया है, जैसे शून्य और स्थान मान पद्धति आज के डिजिटल युग का आधार है। विषय विशेषज्ञ डॉ विपिन बिहारी शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा प्राचीन स्मृतियाँ मात्र नहीं है, वरन आधुनिक युग की समस्याओं का टिकाऊ और व्यवहारिक समाधान है, वैदिक गणित के वैशिष्ट्य पर निबंध प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम स्थान पर जय सोलंकी, द्वितीय स्थान पर मयंक पंवार, तृतीय स्थान पर शिवानी वाल्मीकि रही। इस अवसर पर प्राचीन एवं वैदिक गणित की पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

# किशोरपुरा हिरनीखेड़ा सडक जर्जर परेशानी भोग रहे 10 गांवों के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



किशोरपुरा से हिरनीखेडा जाने वाला सडक मार्ग इन दिनों बेहद जर्जर हालत में पहुंच गया है। जिसकारण इस मार्ग से जुडे करीब 8 से 10 गांवों के ग्रामीण आवागमन संबंधी परेशानी भोगने को विवश हो रहे है। लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे है।

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह मीणा सहित अन्य कई क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि किशोरपुरा हिरनीखेडा सडक की हालत जर्जर होने से यू 'तो इस सडक से गुजरने वाले सभी वाहन चालको को परेशानी उठानी पड रही है,लेकिन सबसे अधिक परेशानी इस क्षेत्र के गांवों के किसानों को भोगनी पड रही है। क्योंकि उन्हें इस जर्जर सडक से अपने फसल की भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को कृषि मंडी ले जाना पड रहा है। सडक गड्ढो में फसल से भरी ट्रॉलियों के पलटने का खतरा रहता है। कई बार फसल से भरी ट्रॉलियो भी रास्ते में पलट चुकी है। वहीं आए दिन छोटे मोटे हादसे भी घटित होते रहते है। उन्होने कलेक्टर से इस मामले में ध्यान देने का आग्रह करते हुए इस सडक की जर्जर स्थिति को सुधरवाए जाने की मांग की है।

## कराहल विकासखंड खंड के आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण में मिली अनियमितताएं

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बर्खास्तगी और सहायिकाओं को व्यवस्था सुधार के नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिले की बदहाल शैक्षणिक स्वास्थ्य व आईसीडीएस व्यवस्थाओं को ढर्रे पर लाने के उद्देश्य से विभिन्न विभाग प्रमुखों द्वारा किए जा रहे औचक निरीक्षण के क्रम में सोमवार को महिला बाल विकास विभाग में कराहल की प्रभारी परियोजना अधिकारी सुषमा सोनी को निरीक्षण में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्रों से नदारत मिली जिन्हें सेवा से पृथक करने के नोटिस जारी किए गए जबकि सफ़ाई नहीं मिलने व बच्चों की उपस्थिति कम मिलने पर सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। उधर मीनू अनुसार भोजन नहीं बनाने पर संबंधित स्व सहायता समूहों के भी अनुबंध निरस्त करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।

प्रभारी सीडीपीओ सुषमा सोनी ने सैक्टर सुपरवाइजर ज्योति शाक्य एवं प्रेमलता मेहरा के साथ दल बनाकर किए गए औचक निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र ढेंगदा ए पर कार्यकर्ता पदमा गौड, ढेंगदा बी पर कार्यकर्ता बाईसा आदिवासी, ढेंगदा सी पर कार्यकर्ता प्रज्ञा शर्मा, आंगनबाड़ी केंद्र ककरधा मिनी पर कार्यकर्ता रेवती आदिवासी, आंगनबाड़ी केंद्र खिरखिरी पर रंजना शर्मा, आंगनबाड़ी केंद्र पारौंद राजो बाई जाटव, आंगनबाड़ी केंद्र भील बस्ती गुलाब बाई आदिवासी आंगनबाड़ी केंद्र बाढ़ ए पप्पी आदिवासी को अनुपस्थित रहने पर सेवा से पृथक करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधित कार्यकर्ताओं को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की जाएगी।



### बच्चे मिले गंदे, सहायिकाओं को नोटिस

इस क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र पर साफ सफाई नहीं करने बच्चों के कम उपस्थिति मिलने के साथ-साथ बच्चे साफ सफाई से नहीं रहने पर सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रभारी सीडीपीओ ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका का जिम्मेदारी बच्चों को केंद्र पर लाने साफ सफाई करने और साथ ही बच्चों के कंघी करने, उनके नाखून काटने और उन्हें नहलाने तक की है इस जिम्मेदारी को ठीक से नहीं निभाने पर आंगनवाड़ी केंद्र ढेंगदा बी की सहायिका गुड्डी बाई आदिवासी, ढेंगदा सी की सहायिका दुलारी जाटव, आंगनवाड़ी केंद्र ककरधा ए की सहायिका आशा आदिवासी, आंगनवाड़ी केंद्र कलमी ए की सहायिका को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### एक समूह का अनुबंध निरस्त, कईयों को नोटिस

बार-बार चेतावनी देने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं करने पर आंगनबाड़ी केंद्र खिरखिरी पर भोजन नाश्ता प्रदाय करने वाले महिला स्व सहायता समूह शिव ज्योति का अनुबंध निरस्त कर व्यवस्था शाला प्रबंधन समिति को सोपी गई है। वही मीनू अनुसार भोजन नहीं देने पर कलरना आंगनबाड़ी केंद्र पर भोजन नाश्ता प्रदाय करने वाले महिला स्व सहायता समूह डोंगरी, बरगवा आंगनबाड़ी केंद्र पर भोजन नाश्ता प्रदाय करने वाले राधा रानी महिला स्व सहायता समूह, हीरापुर आंगनबाड़ी केंद्र पर जय माता दी महिला स्व सहायता समूह, हीरापुर आंगनबाड़ी केंद्र पर जय माता दी महिला स्व सहायता समूह एवं आंगनबाड़ी केंद्र पारौंद पर भोजन नाश्ता प्रदाय करने वाले शारदा महिला स्व सहायता समूह को व्यवस्था सुधारने के लिए नोटिस जारी किए हैं। व्यवस्था नहीं सुधर रहे जाने पर संबंधित समूह के अनुबंध निरस्त किया जाकर व्यवस्था अन्य समूह हो या शाला प्रबंधन समिति को सौंप जाएगी।

# सरदार ने अपना संपूर्ण जीवन दूसरों के लिए समर्पित किया: ब्रजराज

**पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक स्व सरदार गुलाब सिंह**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



स्व सरदार गुलाब सिंह ऐसे व्यक्तित्व का नाम है जिसने अपना पूरा जीवन दूसरों की सेवा में व्यतीत कर दिया। ऐसे राजनेता सदियों में जन्म लेते हैं हम सबको उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। यह बात पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने सोमवार को श्री हजारेश्वर पार्क में पूर्व विधायक स्व सरदार गुलाब सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संबोधन देते हुए कही।

कार्यक्रम में पहुंचे नेताओं समाजसेवियों ने दिवंगत पूर्व विधायक की प्रतिमा पर माला अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने कहा कि स्वर्गीय सरदार गुलाब सिंह सच्चे अर्थ में जननेता थे। उन्हें राजनीति में अजातशत्रु कहा जाता था। श्योपुर से दो बार विधायक रहे सरदार गुलाब सिंह का समूचा जीवन समाजसेवा के लिए समर्पित रहा। क्षेत्र के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष बड़ौदा डॉ गोपाल आचार्य ने कहा कि, आज के परिवेश में राजनीति का जो व्यापारी करण हुआ है ऐसे राजनीतिज्ञ लोगों को स्वर्गीय सरदार गुलाब सिंह के जीवन से सबक लेना चाहिए। उन्होंने अखाड़ों के क्षेत्र में बजरंग व्यामशाला का निर्माण किया साथ ही श्योपुर को जिला बनाने में उनकी प्रमुख भूमिका रही। बजरंग व्यामशाला के अध्यक्ष विवेक भारद्वाज ने कहा कि सरदार गुलाब सिंह महापुरुष थे। ऐसे महापुरुषों के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। सरदार अपना पूरा जीवन ओरों के लिए जिएं। मंत्री पद का त्याग करते हुए श्योपुर को जिला बनाने की मांग की। ऐसे महान व्यक्ति से हमें बहुत कुछ सीखना चाहिए। उनके अधूरे कार्य को आगे बढ़ाने में सबको योगदान देना चाहिए। इस दौरान कई राजनेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्री हजारेश्वर पार्क पहुंचकर स्व सरदार गुलाब सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**खबर संक्षेप**

## खाती बाबा मंदिर पर अन्नकूट का वितरण

**करैरा।** नगर करैरा के नायरा पेट्रोल पंप के पास शिवपुरी झांसी रोड पर स्थित श्री खाती बाबा मंदिर पर रविवार को शाम 4 बजे से अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। खाती बाबा के भक्त सुनील रजक ने बताया कि हम सब लोगों ने मिलकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नकूट प्रसाद बांटा गया।कृषि मंडी के आसपास के सभी व्यापारी व कॉलोनी वासी सहयोग करते हैं सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। खाती बाबा मंदिर पर शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक सैकड़ों भक्तों ने अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया।

## तार झूले पड़े, खम्मा टेढ़े किसान हो रहे परेशान

**शाढ़ौरा।** शाढ़ौरा विद्युत मंडल क्षेत्र के ग्राम मथनेर फीडर पर बिजली की समस्या को लेकर किसानो को भारी समस्या का सामना उठाना पड़ रहा है। एक और बिना मौसम बरसात से किसानों की फसल खराब हो चुकी है वहीं दूसरी ओर बिजली समय पर ना मिलने से रबी की फसल की बुबाई भी टाइम पर नहीं हो पा रही है जिससे किसानों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मथनेर फीडर पर 12 गांव आते हैं जिनकी लाइनों के तार कहीं झूले मिलते हैं तो कहीं खम्मा टेढ़े मिलते हैं।

### जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्यवाई जारी

# चार करोड़ की सरकारी भूमि को अतिक्रमण से कराया गया मुक्त





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

जिला प्रशासन अशोकनगर द्वारा निरंतर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में रविवार को तहसील अशोकनगर के ग्राम बरखेड़ी स्थित शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि का चालू बाजार मूल्य लगभग 4 करोड रूपये है।

ज्ञात हो कि विगत 20 दिसम्बर को ऐसे ही मामले में आजाद खान के अवैध भवन को गिराकर उक्त जगह को प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराया था। वहीं आज इस कार्यवाही के दौरान न्यायालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 0066/31 68/2025 26 आदेश 19 दिसंबर 2025 से ग्राम बरखेडी के सर्वे क्रमांक 233/1 रकबा 0.012 हे0 शासकीय भूमि पर सुखवीरसिह पुत्र हरिसिंह वर्षों से कब्जा किए हुए थे प्रशासन ने अतिक्रामक सुखवीरसिह पुत्र हरिसिंह एवं प्रकरण क्रमांक 0067/3-68/2025-26 आदेश 19 दिसंबर 2025 से ग्राम बरखेडी के सर्वे क्रमांक 226 में से रकबा 0.015 भाग पर शासकीय भूमि से अतिक्रामक मेहरवानसिह पुत्र सुल्तानसिह का अवैध निर्माण मौके पर से हटाया गया। अवैध रूप से कब्जा करने वाले लोगों को इस कार्यवाही ने सचेत कर दिया है।



### नगर में कई जगहों पर ऐसे अतिक्रमण दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं

यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि जिले में दिनों दिन कॉलोनी से लेकर मुख्य सड़को तक अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है कॉलोनाइजर एवं दंबग लोग शासन की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं। किनारे जो भूमि क्रय विक्रय की जाती है उस क्रय विक्रय में इस बात का ध्यान नहीं रखा जाता है कि मुख्य सड़क के केन्द्र बिन्दु से कितनी भूमि छोड़कर भूमि का क्रय विक्रय एवं मकान बनाना है। न ही इस ओर ग्राम पंचायते, नगरीय क्षेत्र और राजस्व विभाग संबधित सड़क की एजेंसी इस ओर ध्यान देती है। परिणास्वरूप सड़क से लगते ही भवनों का निर्माण आए दिन हो रहा है। जब सड़कों का विस्तार होता है तब वह उक्त अतिक्रमण सामने आता है और इसका खामयाजा सड़क किनारे भवन निर्माण करने के लिए ली गई। भूमि अतिक्रमण के चपेट में आती है और संबंधित भवन निर्माता को लाखों रूपए का नुकसान उठाना पड़ता है।

## नाली में फसा बैल, गौ सेवकों ने सुरक्षित बाहर निकाला



**बीना।** शहर के आचवल वार्ड में करीब तीन फीट चौड़ी गली में बनी नाली में एक बैल फस गया। जिसे बड़ी मशक्कत के बाद गौ सेवा दल के सदस्यों ने सुरक्षित बाहर निकाला। गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा रविवार सुबह सूचना मिली थी कि आचवल वार्ड में एक बैल नाली में फसा हुआ है। मौके पर पहुंचकर गौ सेवा दल बीना द्वारा बैल को सुरक्षित निकाला गया एवं उपचार किया गया। इस मौके पर गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव, शुभम सेन, अनुराग जैन, नीतेश यादव, ऋषि तिवारी, आशू यादव, मनीष विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## गढ़कुंडार महोत्सव समिति सदस्य बने गौरीशंकर राय



**बीना।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन निवाड़ी द्वारा आयोजित महाराजा खेत सिंह खंगार जयंती गढ़कुंडार महोत्सव समिति 2025 का बीना नगर के पार्षद, पत्रकार एवं क्षत्रिय खंगार समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरीशंकर राय को महोत्सव आयोजन समिति का सदस्य बनाया गया है। समिति में सदस्य बनाए जाने पर उनके शुभचिंतकों उन्हें बधाइयां दी है। गौरतलब है कि गढ़कुंडार महोत्सव प्रतिवर्ष 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित होता है। गढ़कुंडार महोत्सव में भारत देश के विभिन्न राज्यों से खंगार समाज के हजारों लोग, स्थानीय जनता एवं देश विदेश के पर्यटक पहुंचते हैं। साथ ही गढ़कुंडार में विशाल मेला भी लगता है। गढ़कुंडार महोत्सव में दिन में स्कूली छात्रा-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा एवं रात्रि कालीन समय में मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाती हैं। पार्षद गौरीशंकर राय ने गढ़कुंडार महोत्सव में समस्त क्षेत्रवासियों से शामिल होने की अपील की है।

### निर्माण कंपनी ने एक भी दोबारा नहीं लगाए

# हाईवे चौड़ीकरण में एक वर्ष पहले बंद हुए आधा दर्जन हैंडपंप



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

बहादुरपुर क्षेत्र के बंगला चैराहा से मुंगावली के बीच नेशनल हाईवे के चैड़ीकरण कार्य में 6 हैंडपंप बंद हो गए हैं। हाईवे के इस 23 किलोमीटर के हिस्से में सड़क के किनारे करीब एक दर्जन हैण्डपंप थे, जिनमें से 6 को पूरी तरह बंद कर दिया गया है क्योंकि सड़क चैड़ीकरण के कारण यह हैंडपंप या तो शोल्डर के बीचोंबीच आ रहे थे या फिर नाली निर्माण में बाधा बन रहे थे। इनमें से गीलारोपा के 2 और सुमेर, झागर बमुरिया, खुशीपुरा और गदूली के एक-एक हैण्डपंप हैं।

खास बात है कि यह सभी हैण्डपंप सैकड़ों ग्रामीणों और राहगीरों के दैनिक उपयोग में आते हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का दावा है कि विभाग द्वारा कंपनी के सामने हैण्डपंप बंद करने के एवज में नजदीक ही दूसरा हैण्डपंप लगाने की शर्त रखी गई थी जिसमें करीब 10.32 लाख रुपए खर्च होगा। यह राशि या तो कंपनी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पास जमा कराएगी या स्वंय बोर खनन करवाकर हैण्डपंप लगाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री रोहित त्यागी बताते हैं कि कंपनी ने एक भी जगह हैडपंप नहीं लगवाए, और न ही अब तक कोई राशि जमा करवाई। एक गांव खुशीपुरा में पानी की बहुत किल्लत थी, इसलिए विभाग द्वारा स्वयं के व्यय पर एक हैंडपंप लगवाया है। जिसका भुगतान कंपनी को ही करना है लेकिन कंपनी के कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे।

### 12 वर्ष पहले बंद हुए थे 57 हैण्डपंप

वर्ष 2012-13 में पिछोर से मेहलुआ चैराहा तक हाइवे का चैड़ीकरण कार्य शुरू हुआ तो इसके निर्माण में ही जिले के चंदेरी से घाट बमूरिया तक के हिस्से में ही 57 हैंडपम्प दफन हो गए थे। इससे पीएचई विभाग मुंगावली के तत्कालीन एसडीओ ने मप्र सड़क विकास प्राधिकरण को निर्माण के दफन हुए इन हैंडपंपों की सूची भेजी थी और मप्र सड़क विकास प्राधिकरण से 76 लाख रुपए की राशि की मांग की थी, ताकि फिर से सड़क किनारे हैंडपम्प लगाए जा सकें। लेकिन 13 साल बाद भी विभाग को यह राशि नहीं मिली, इससे सड़क किनारे फिर से हैंडपम्प नहीं लगाए जा सके।

### सड़क किनारे पानी के लिए भटकते हैं राहगीर

इस सड़क का दैनिक उपयोग करने वाले राहगीरों का कहना है कि जो हैंडपम्प सड़क से कुछ दूरी पर थे, सिर्फ वही हैंडपम्प बचे हैं और उनमें से ज्यादातर हैंडपम्प गर्मी के मौसम में हांफने लगते हैं और कई तो सूखकर बंद पड़े हुए हैं। नतीजतन राहगीरों को लंबे समय तक मशक्कत करना पड़ती है और तब कहीं उनमें से पानी निकलता है। इससे कई बार तो लोग थक हारकर चले जाते हैं और प्यास बुझाने के लिए पानी भी नहीं मिल पाता है। इससे स्थिति यह हो गई है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क किनारे स्थित दुकानों पर दुकानदार पानी के पाउच और बोतलें रखने लगे हैं और इन दुकानों से बड़ी मात्रा में पानी बिकता है।

**समस्या रखेंगे**

हैंडपंप विस्थापन के लिए कल टी एल बैठक में कलेक्टर महोदय के समक्ष इस समस्या को रखेंगे। एनएच वालों से बात करके शीघ्र ही हैंडपंप लगवाने अथवा राशि जमा कराने के लिए कहा जाएगा।

**अमर दहिया,**
कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अशोकनगर

## आयोजन को लेकर कमेटी ने बैठक आयोजित कर बनाई रूपरेखा

**करैरा।** करैरा के श्याम भक्तों में उत्साह का माहौल है जहां मेरा श्याम परिवार के तत्वावधान में जेडी गार्डन सिटी सेंटर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें बाबा खाटू श्याम के दरबार और आगामी 23 जनवरी को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर रामराज गार्डन सिटी सेंटर में होने वाले 11 कन्याओं के सामूहिक विवाह उत्सव की रूपरेखा तैयार की गई। इस बैठक में श्याम परिवार के सभी सदस्यों पदाधिकारियों तथा महिला मंडल की सम्मानित पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। इस बार का आयोजन बाबा श्याम की असीम अनुकंपा से अत्यंत भव्य होने वाला है जिसमें बाबा के दरबार को आलौकिक श्रंगार से सजाया जाएगा और भक्तों के मन को झंकृत करने वाले मधुर भजनों की अमृत वर्षा होगी विशेष रूप से नोएडा से सुप्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार लक्खा अपनी सुरीली आवाज में श्याम बाबा को रिझाने वाले लोकप्रिय भजन प्रस्तुत करेंगे जबकि प्रसिद्ध गायिका प्रियंका खंताल भी अपनी मधुर वाणी से कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगी। इन कलाकारों की उपस्थिति से पूरा वातावरण श्याममय हो जाएगा और भक्तगण बाबा के चरणों में नृत्य करते हुए आनंद विभोर हो उठेंगे इसके अलावा विभिन्न धर्मों के साधु-संत धर्माचार्य तथा प्रबुद्धजन भी यथासंभव आकर आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करेंगे। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए हर छोटे-बड़े पहलू पर गहन चर्चा हुई और सभी ने संकल्प लिया कि यह उत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से अपितु सामाजिक सेवा के रूप में भी मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि 11 निर्धन कन्याओं का विवाह कराकर समाज को एक सशक्त संदेश दिया जाएगा। श्याम परिवार के संरक्षक मनोज त्रिपाठी एवं राजू नीखरा समिति अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा कार्यक्रम अध्यक्ष बृजेश शर्मा,कोषाध्यक्ष सतीश सादेले के साथ-साथ आशीष शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, सुधीश साहू, रामबाबू कर्ण, नीरज श्रीवास्तव, मनीष त्रिपाठी, अंश सोनी, अनिल सोनी, पंकज कुचिया, माधव रावत, सुनील शिवहरे, मनोज कुशवाह एवं अनुदीप बेंडर ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचारों से आयोजन को नई दिशा दी। वहीं महिला श्याम मंडल की टीम ने विवाह व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण दायित्वों को बखूबी संभाला। जिसमें अध्यक्ष श्वेता नगरिया संयोजक अंजलि नीखरा आदि मौजूद रहे।

## अशोकनगर जिले में कई थाना प्रभारी बदले गए, कई को नए प्रभार मिले





**अशोकनगर।** पुलिस कप्तान बनने के बाद राजीव कुमार मिश्रा द्वारा हाल ही में अशोकनगर जिले के कई थाना प्रभारी में बदलाव किया गया है। जो थाना प्रभारी एक ही स्थान पर वर्षों से जमे थे उन्हें उक्त थाने से अन्य थाने में स्थानांतरित किया गया है।

जारी आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा ओमप्रकाश मिश्रा निरीक्षक महिला थाना को पेपर का नया थाना प्रभारी बनाया गया है इसी प्रकार पिपरई के टी प्रशांत यादव को चंदेरी का नया थाना प्रभारी बनाया गया कार्य बाद निरीक्षकों में मनीष जादौन चंदेरी को करवाया का थाना प्रभारी बनाया गया है और कार्यवाहक निरीक्षकों में नवल सिंह चैधरी को करवाया से पुलिस लाइन भेजा गया है जिले में उपनिरीक्षकों के पदों पर भी कई बदलाव किए गए जिसमें मुंगावली के उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह यादव को मुंगावली से चंदेरी भेजा गया है यहां वह थाना प्रभारी का काम देख रहे थे बहादुरपुर के थाना प्रभारी और अरविंद सिंह कछुवाहा को बहादुरपुर से मुंगावली भेजा गया है इसी प्रकार नीलम सिंह यादव को चंदेरी थाने से बहादुरपुर थाने की कमान सौंपी गई है। नई सराय के थाना प्रभारी पुनीत दिक्षित को साडोरा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।इसी प्रकार कोतवाली में उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ मनीष गुर्जर को नई सराय का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

**थाना प्रभारी प्रशांत यादव को भावभीनी विदाई दी गई:** थाना प्रभारी प्रशांत यादव को आज भावभीनी विदाई दी गई। उनका स्थानांतरण पिपरई से चंदेरी थाना हो गया है। पिपरई में अपने लगभग 6 माह के कार्यकाल के दौरान थाना प्रभारी प्रशांत यादव ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा जनसुनवाई के माध्यम से आम जनता की समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभाई। विदाई समारोह के अवसर पर स्थानीय नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पत्रकार बंधुओं द्वारा थाना प्रभारी प्रशांत यादव को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके सरल व्यवहार, निष्पक्ष कार्यशैली और पुलिस-जन सहयोग की भावना की सराहना की।

**नईसराय थाना प्रभारी मनीष सिंह गुर्जर ने पदभार संभाला :** नईसराय थाना प्रभारी पुनीत दीक्षित का स्थानांतरण शाडोरा थाना हो जाने पर नवागत थाना प्रभारी मनीष सिंह गुर्जर को थाने का पदभार ग्रहण किया पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी मनीष सिंह गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र की कानून व्यवस्था स्वस्थ दुरुस्त रखना उनकी प्राथमिकता में शामिल है थाना प्रभारी ने बताया कि हाल ही में सामने आई चोरी के मामलों का भी जल्द खुलासा करने का प्रयास करेंगे इस दौरान नईसराय थाना प्रभारी रहे पुनीत दिक्षित को भी पुलिस स्टाफ और अन्य लोगों ने विदाई दी।

### पिपरई थाना परिसर में सामूहिक ध्यान योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**पिपरई।** नगर के थाना परिसर में रविवार को सामूहिक ध्यान योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं पुलिस स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना रहा। सामूहिक ध्यान योग के दौरान थाना प्रभारी प्रशांत यादव एवं मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने योग और ध्यान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ध्यान योग भारत की प्राचीन परंपरा एवं विद्या का महत्वपूर्ण अंग है, जिसका उल्लेख महर्षि पतंजलि द्वारा विरचित योगसूत्र में किया गया है। योगसूत्र में वर्णित अष्टांग योग के आठ अंगकृयम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधिकृमानव जीवन को संतुलित और अनुशासित बनाने में सहायक हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि भारत में प्राचीन काल से ही गुरुकुल परंपरा में ध्यान की प्रक्रिया अपनाई जाती रही है और ध्यान को भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन माना जाता है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने की मंडल प्रभारी की घोषणा

**अशोकनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा रविवार को जिले के सभी 17 मंडलों में प्रभारी की घोषणा की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि अशोक नगर मंडल प्रभारी जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी को बनाया गया है। इसी तरह पछार मंडल में जिला मंत्री सलिल त्रिपाठी, अशोकनगर ग्रामीण में मनोज शर्मा शाढ़ौरा में शीला जाटव सोनेरा में सुधीर रघुवंशी राजपुर में दयाशंकर कुशवाहा नईसराय में लखन सिंह रघुवंशी ढाकोनी में केशव राव जोशी ईसागढ़ में वीरेंद्र सिंह यादव चंदेरी नगर में दीपक शर्मा चंदेरी ग्रामीण में पूरन सोनी थूवौन में रविंद्र लोधी सेहराई में दीपक पालीवाल पिपरई में नरेश ग्वाल अथाई खेड़ा में चंद्रभान सिंह दांगी मुंगावली में जगन्नाथ सिंह यादव बहादुरपुर में मनीष मोदी को मंडल प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को दोपहर 12: 00 बजे से स्थानीय अग्रवाल पैलेस में आयोजित किया गया है।

### अशोकनगर में लोग दुखी हो रहे थे वहीं शाढ़ौरा में जनता नाच रही, खुशी मना रही है: मुनिश्री

# भव्य विमान उत्साह के साथ निकाली गई भगवान की शोभायात्रा









**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

शाढ़ौरा में राष्ट्र संत पुगंव मुनि श्री सुधासागरजी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति ने दुनिया को एक मत नहीं होने दिया अन्यथा संसार की व्यवस्था या परामर्श की व्यवस्था डगमगा जायेगी पहले वे व्यक्ति होते है। जो कर्म का जैसा उदय हो वैसे ही ढलतेच ले जाते हैं। वहुत सारे जीव ऐसे हैं जो हंसना तो चाहते हैं पर हंस नहीं सकते कुछ लोग ऐसे भी हैं जो सदा हंसते रहते हैं रो नहीं सकते। चाहकर भी वह रो नहीं सकते लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो जव चाहे रो सकते हैं हंस सकते हैं।

मुनिश्री ने कहा कि वहीं कुछ जीव इन दसाओ से ऊपर उठकर स्थिर प्रग्य हो जाते हैं जगत बढ़ा विचित्र है यहां कुछ लोग पाप में लिप्त रहते हैं वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो इस संसार में रहकर भी हंसने रोने से ऊपर उठ गये अशोकनगर से चले तो जनता रो रही है। इधर शाढ़ौरा में लोग खुशियां मना रहे हैं। भगवान को केवल ज्ञान की प्राप्ति होने पर चारों तरफ खुशियां मनाई जा रही थी भरत चक्रवर्ती को दुखी देखकर सौधर्म इन्द्र भरतचक्रवर्ती से कहते हैं कि चक्री सारा जगत खुशियां मना रहा है तुम दुखी हो रहे।

### नई रिश्तेदारी का नाम है विमान महोत्सव जितने आ जाएं

उन्होंने कहा कि धर्म में कर्म तो सब डूड लेता है वहीं ज्ञानी व्यक्ति कर्म में धर्म डूडता है समीचीन दृष्टि रखने वाला कपड़े पहने समय अन्य खरीदते समय यहां तक कि जूते खरीते समय भी धर्म कर सकते चमड़े का जूता नहीं पहनूंगा। जूते खरीते समय उसने सोच लिया कि हिंसा से निर्मित चमड़े की वस्तु का उपयोग नहीं करुंगा। उच्च कुल के लोग रिस्तेदारी में धर्म ढूंढ रहा है समीचीन दृष्टि वाला मकान लेते समय भी धर्म ढूंढ रहा है। ऐसे स्थान पर मकान बनाऊंगा जहां धर्मात्मा रहते हैं वहीं मैं अपना निवास स्थान बनाऊंगा। कर्म और धर्म की समिष्टी से इस तरह के वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है इस दौरान भगवान की जय माला लेने का सौभाग्य ईसागढ़ जैन समाज के मंत्री राजेश जैन को मिला वहीं दूसरी जय माला को लेने का सौभाग्य अनिल कुमार टर्का परिवार को मिला वहीं दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी की जयमाला का सौभाग्य निर्मल कुमार सुदीप कुमार सेठी सहित अन्य भक्तों को मिला।

### चित्र अनावरण दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ शुभारंभ

इसके पहले आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन शाढ़ौरा जैन समाज अध्यक्ष डा भरत जैन महामंत्री कोषाध्यक्ष राकेश जैन अशोकनगर जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा शैलेन्द्र श्रागर ईसागढ़ के मंत्री राजेश जैन सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में पहली बार भगवान जिनेन्द्र देव के भव्य विमान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष डॉ भरत जैन ने कहा कि आज हम सब परम पूज्य के सान्निध्य नवीन जिनालय की वेदी पर तीन लोक के नाथ को दिव्य बेदी पर विराजमान कर रहे हैं। इस दौरान जैन समाज अशोक नगर के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने वार्षिक कलशाभिषेक की गोलियां का निर्धारण किया सौधर्म इन्द्र डॉ भरत इंसान इन्द्र अनिल बाझल सनत इन्द्र राकेश जैन महेन्द्र इन्द्र निर्मल कुमार जैन को मिला इसके बाद जगत कल्याण की कामना से महा शान्ति मुख से हो रही है।